न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– विकास पंचोली, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या : 56/2020

दिनांक : – 11/9/2020

अनुवानी

राजस्थान सरकार

बनाम ग्राम पंचायत अरनिया

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 एलआरए व नियम 58,59,60,66,86 एल.आर.एक्ट

–:: आदेश ::–

श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय राजस्थान अजमेर के पत्र दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार आयोजित रास्ता खोलो अभियान – 2020 के तहत सरपंच ग्राम पंचायत अरनिया द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम अरनिया में बिलानाम व चारागाह भूमि में कच्ची ग्रेवल सड़क अरनिया से रामपुरिया जाने वाली बनी हुई है किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म बंजड व चरागाह दर्ज है जिसे गेमु0 रास्ता दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अपने पत्रांक राजस्व/20/484 दिनांक 27.08.2020 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें अंकन किया कि ग्राम अरनिया प0ह0 अरनिया के आराजी न0 211 रकबा 0.96 हे0 किस्म बंजड़, आराजी न0 1591/209 रकबा 6.22 हे0 किस्म बंजड़, आराजी न0 210 रकबा 0.13 हे0 किस्म गे0मु0नाली, आराजी न0 1598/239 रकबा 0.22 हे0 किस्म गे0मु0नाली बिलानाम भूमि तथा आराजी न0 214 रकबा 2.43 हे0, आराजी न0 1594/212 रकबा 3.30 हे0 चारागाह भूमि होकर किस्म चारागाह दर्ज रेकार्ड है। उक्त आराजियात में मौके पर सार्वजनिक रास्ता बना हुआ होकर आवगमन हेतु उपयोग में लिया जा रहा है मौके पर ग्राम अरनिया से रामपुरिया जाने वाली कच्ची ग्रेवल सड़क बनी हुई होकर आवागमन हेतु उपयोग में ली जा रही है। किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त भूमि कि किस्म गेमु0 रास्ता दर्ज नही होकर किस्म बंजड़/गे0मु0नाली/चारागाह दर्ज है। उक्तानुसार ग्राम अरनिया प0ह0 अरनिया के आराजी न0 211 रकबा 0.96 हे0 किस्म बंज डमें से 0.16 हे0, आराजी न0 1591/209 रकबा 6.22 हे0 किस्म बंजड़ में से 0.16 हे0, आराजी न0 210 रकबा 0.13 हे0 किस्म गे0मु0नाली में से 0.01 हे0, आराजी न0 1598/239 रकबा 0.22 हे0 किस्म गे0मु0नाली में से 0.01हे0 तथा चरागाह आराजी न0 214 रकबा 2.43 हे0 किस्म चारगाह में से 0.08 हे0 तथा आराजी न0 1594/212 रकबा 3.30 हे0 किस्म चारागाह में से रकबा 0.08 हे0 कुल किता 6 रकबा 0.50 हे0 भूमि की किस्म बंजड़/गे0मु0नाली/चारागाह के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया। उक्त प्रस्तावित बिलानाम एवं चरागाह भूमि की किस्म बंजड़/गे0मु0नाली/चारागाह के बजाय गे0मु0रास्ता किये जाने बाबत कोई सार्वजनिक आपत्ति जाहिर नही है, तथा ग्राम पंचायत अरनिया को भी कोई आपत्ति नही है इस सम्बन्ध में मौका पर्चा, ग्राम पंचायत अरनिया का प्रस्ताव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न है।

अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एवं तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर के पत्रांक राजस्व/20/484 दिनांक 27.08.2020 से की गई अनुशंषा के आधार पर ग्राम अरनिया प0ह0 अरनिया के आराजी न0 211 रकबा 0.96 हे0 किस्म बंजड में से 0.16 हे0, आराजी न0 1591/209 रकबा 6.22 हे0 किस्म बंजड़ में से 0.16 हे0, आराजी न0 210 रकबा 0.13 हे0 किस्म गे0मु0नाली में से 0.01 हे0, आराजी न0 1598/239 रकबा 0.22 हे0 किस्म गे0मु0नाली में से 0.01हे0 तथा चरागाह आराजी न0 214 रकबा 2.43 हे0 किस्म चारगाह में से 0.08 हे0 तथा आराजी न0 1594/212 रकबा 3.30 हे0 किस्म चारागाह में से रकबा 0.08 हे0 कुल किता 6 रकबा 0.50 हे0 भूमि की किस्म बंजड़/गे0मु0नाली/चारागाह के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया। उक्त प्रस्तावित बिलानाम एवं चरागाह भूमि की किस्म बंजड़/गे0मु0नाली/चारागाह के बजाय गे0मु0 रास्ता किये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार सहाड़ा उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करें।

यह आदेश आज दिनांक 11/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर, भीलवाड़ा

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.12 15:51:05 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner